## एक पुलिस आरक्षक ने दूसरे से की मारपीट, मामला दर्ज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सत्यमेव जयते का नारा देने वाली पुलिस के आरक्षक जब आपस में ही लड़ने लगे तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी। एक आरक्षक ने दूसरे आरक्षक से मारपीट की है उसको लेकर पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही है। ऐसा ही वाक्या विगत दोनों रेलवे स्टेशन के बाहर पानी की टंकी के नीचे बने बैरक में मारपीट का मामला सामने आया।



बताया जाता है कि जीआरपी थाना गाडरवारा की चौकी पिपरिया में पदस्थ आरक्षक अंशुल रोहित के साथ आरक्षक दिलीप सैरकरवार द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर धमकी देने का मामला स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज किया गया है।

आरक्षक अंशुल रोहित ने जीआरपी पुलिस अधीक्षक जबलपुर को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि वह दिनांक 5 फरवरी से 13 फरवरी तक अवकाश में रहा तथा 13 फरवरी को जीआरपी थाना गाडरवारा में वापसी कराई।

इसके उपरांत अंशुल जीआरपी थाने के बाहर बने बैरक में आरक्षक दिलीप ने उसे बहार जाने के लिए बोला। इस पर अंशुल ने कहा कि वह मुंह हाथ धोकर थोड़ी देर से चला जाएगा। इतने में आरक्षक ने रोहित को हाउस पाइप से मारा जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई और धमकाया बोला की दूसरी बार आओगे तो मारेंगे।

घटना 13 फरवरी की बताई जाती है किंतु मामला 3 मार्च को कायम किया गया है। घटनास्थल सिविल थाने के अंतर्गत आने के कारण पुलिस थाना गाडरवारा में भारतीय नई संहिता 2023 की धारा 296, 115 दो, 351 दो के तहत मामला दर्ज किया है।

## स्कूलों मे देखी पीएम पोषण की व्यवस्था

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते बुधवार को जिला मुख्यालय से पीएम पोषण की प्रभारी श्रीमति अंजू भारती एवं राजेंद्र अग्रवाल ने क्षेत्रीय ग्राम पाली (खैरी ) एवं पोडार की शासकीय प्राथमिक शालाओं का भ्रमण कर पीएम पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूहों के रसोईयो एवं छात्र छात्राओं से चर्चा कर पीएम पोषण से जुडी जानकारी ली एवं कहा कि बच्चों को मीनू अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन मिले।

स्कूलों मे भोजन का सेम्पल टिफिन मे हमेशा रखा जाये एवं भोजन बनाते समय साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। पाली की शासकीय प्राथमिक शाला मे उन्होंने पीएम पोषण की व्यवस्थाओ पर प्रसन्नता जताई एवं कहा कि समय समय पर यहाँ तिथि भोज का आयोजन होना एक सराहनीय पहल हैं। इस अवसर पर बीएसी पवन राजोरिया, प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्धिकी, ब्रजेश श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

## पानी न मिलने से सूखने लगे पौधे

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के तहसील प्रांगण मे विगत कुछ समय पहले पौधारोपण का कार्य किया गया था।तहसील प्रांगण में पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य प्रांगण में हरियाली एवं छाव बनी रहे परन्तु वह उद्देश्य पूरा होता हुआ दिखाई नहीं देता। वैसे तो शासन प्रशासन द्वारा पौधारोपण कर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते है और अपनी पीठ थपथपा लेती है।

परंतु वास्तविक स्थिति धरातल पर इसके विपरीत नजर आती है। नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय में उच्च अधिकारियों का आना-जाना बना रहता है परंतु अधिकारी इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझते इसके कारण पौधों की हालत दयनीय बनी हुई है। इन पौधों को पानी ना मिलने से यह



बिल्कुल सिकुड़ गए हैं।यहां पर नियमित तौर पर पौधों में पानी एवं उनकी देखरेख नहीं की जा रही।

जिससे कि पौधे मुरझा कर सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं।प्रशासन ने पौधों को सुरक्षित रखने के लिए लोहे की जाली जरूर लगाई है। परंतु जब प्रशासन की नाक के नीचे रोपित पौधों की यह चिंताजनक हालत बनी हुई है तो फिर तहसील के अन्य जगहों पर किए गए पौधारोपण की क्या हालत होगी आप भली-भांति अनुमान लगा सकते हैं।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों को दी पीएम इंटर्नशिप योजना संबंधित जानकारी



**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ए के जैन के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तत्वाधान में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी योगेंद्र कुमार ठगेले के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को इंटर्नशिप संबंधी शैक्षणिक योग्यता, इंटर्नशिप अवधि, विकल्प प्रक्रिया, पंजीयन प्रक्रिया एवं स्टाइपेंड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.मधु सिंह , राजकुमार उईके एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### रामभक्त संकट मोचन की हुई आरती

**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी महाराज की महाआरती पंडित ओमप्रकाश मुखरईया के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ आचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता अभिनीत (मिकी) उपाध्याय, राजा गुप्ता द्वारा पूजन अर्चन किया गया। संकट मोचन हनुमान जी महाराज का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा एवं श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया। गौरतलब हो कि श्री संकट



मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को हनुमंत लला की संगीतमय महाआरती विगत डेढ़ वर्षों से भी अधिक समय से एवं 83 वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति के सदस्यो द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति दी गई।

रघुनाथ राय, दीपक श्रीवास्तव,शंकर राय,राजा पटेल, दीपक ठाकुर, कृपाल झरिया, रोहित यादव, पवन यादव, राजा यादव ,अमन साहू, जित्तू यादव,जय विश्वकर्मा ,विजय विश्वकर्मा, ऋतिक चौकसे ,रोहित यादव, अभिषेक राय, अनुज नामदेव नामदेव,शिव नेम, , मुकुल ठाकुर, सीताराम रजक, एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति आकर्षण का केंद्र रही। आचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता के जन्मोत्सव के उपलक्ष में 83 वे सप्ताह की महा आरती संपन्न हुई। समिति के सभी सदस्यों द्वारा फूल माला मिठाई खिलाकर एवं साल श्री फल द्वारा सम्मान किया गया एवं सभी सदस्यों ने उनकी दीर्घायु की कामना की गई साथ ही भक्तदली द्वारा शुभकामनाएं अर्पित की।

### महिला पतंजलि समिति की बैठक



**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस महिला पतंजलि समिति जिला प्रभारी सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में संजू शर्मा द्वारा महिला दिवस मनाने के संदर्भ में महिला पतंजलि की बैठक आयोजित कर महिला दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें समिति की मंजू शर्मा, शशि शर्मा, किरण साहू सावित्री श्रीवास्तव, अंजना साहू, निर्मला पटेल, संजू शर्मा, संगीता सोनी, कीर्ति श्रीवास्तव, शिखा नीखरा, रानी हरदानिया आदि बहनों की उपस्थिति रही।

## वयोवृद्ध मां की जमीन बेच अस्पताल में छोड़ा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** कलयुगी पुत्र अपनी जननी को ही किस कदर निष्ठुर होकर भटकने छोड़ देते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण बीते कुछ दिनों से सिविल अस्पताल में भटकती वृद्धा के रूप में देखा जा रहा था। जो चलने फिरने से भी लाचार थी और उपचार के बाद बैठे हुए खिसकते हुए बाहर आ गई थी जिसे लोग तरस खाकर खाने पीने को कुछ दे देते थे।



### डॉ. बोहरे ने किया परिजनों के सुपुर्द

वृद्ध महिला की हालत बेहद दयनीय थी जब नवागत अस्पताल अधीक्षक डॉ राकेश बोहरे को इस बारे में अवगत कराया गया तो उन्होंने तत्परता से इसकी पड़ताल कराई तो ज्ञात हुआ 95 वर्षीय महिला का नाम शान्तिबाई साहू है, जो जबलपुर निवासी है।

जानकारी के अनुसार इसके पुत्र ने इनकी जमीन बेच दी है और अस्पताल में कोई भर्ती कराकर चला गया। वहीं पता चला महिला की पुत्री बगासपुर गोटगांव में रहती है। उनकी पुत्री अंगूरी बाई, उसका पुत्र राहुल साहू निवासी बगासपुर एवं मनोज साहू नरसिंहपुर आदि परिजनों को रविवार को अस्पताल बुलाया गया जहाँ विधिवत सुपुर्दनामे पर परिजनों के हवाले किया गया।

डॉ बोहरे ने बताया परिजनों को बहुत समझाने पर वह साथ ले गए हैं। परिजनों द्वारा महिला की जमीन बेचने का कहने पर उन्हे भी उच्चाधिकारियों को आवेदन देने की समझाइश तथा अस्पताल की ओर से भी सहयोग का आश्वासन दिया तब परिजन माने और आखिर कलयुगी बेटे की जगह बेटी मां को साथ ले गई। रविवार को ही महिला को 108 एम्बुलेंस से भिजवाया गया।

इस कार्य में अस्पताल के ड्यूटी डॉक्टर गार्ड देवेश रजक, सरमन कोरी, अस्पताल चौकी पुलिस प्रधान आरक्षक राजकुमार दुबे एवं जीवनलाल सहित अस्पताल स्टाफ का सहयोग रहा। साथ ही अस्पताल अधीक्षक ने सभी से अपील की है कि समाज के बुजुर्ग हम सबकी जिम्मेदारी है। क्योंकि हम वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखते हैं।

अस्पताल चौकी के प्रधान आरक्षक राजकुमार ने बताया कि उक्त वृद्धा को कई दिनों से वह स्वयं खाने पीने का सामान लाकर दे रहे थे, एवं परिजनों के बारे में पता कर सुपुर्द किया।

## महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**गाडरवारा, देशबन्धु।** महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को संरक्षण देना है। इस वर्ष इसकी थीम %विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण रखी गई।



इसे आधार बनाकर महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार आंतरिक उच्च गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य अतिथि जनभागी दारी समिति अध्यक्ष शैलेंद्र जैन की गरिमामयी उपस्थिति में प्राचार्य डा. एके जैन एवं आईक्यु एसी संयोजक डॉ. पीएस कौरव के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।f

इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में समाज शास्त्र विभाग प्रो. एसके नायक, रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. मधु सिंह, हिंदी विभाग के डा. रोशनी एवं प्रो. टीकाराम को आमंत्रित किया गया। मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन के पश्चात सरस्वती वंदना की गई।

प्रो. जवाहर शुक्ला के संचालन में कार्यक्रम आरंभ हुआ। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। साइबर सुरक्षा विषय पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, प्रेरणाप्रद वीडियो का प्रदर्शन एवं पोस्टर प्रतियोगिता सम्बन्धित पोस्टर प्रतियोगिता शामिल रहीं। जन भागीदारी अध्यक्ष शैलेंद्र जैन एवं प्राचार्य ने भी छात्रों को संबोधित किया । कार्यक्रम के अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. जवाहर शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

## जिसने नेता बनाया उसी जनता का अपमान किया प्रहलाद पटेल ने : कांग्रेस






**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बुधवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने सुभाष पार्क के पास केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर विरोध प्रद'ोन करते हुए उनके बयान की निंदा की साथ ही यहां पर कांग्रेस के अनेक नेताओं ने सार्वजनिक रूप से प्रहलाद पटैल से माफी मांगने और उनसे स्तीफा देने की मांग की। सुभाष पार्क के समीप सभा के बाद प्रदे'ा सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पुतला दहन को लेकर कहा सुनी और झूमाझटकी हुई। पुतला दहन के बाद कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन तक विरोध प्रद'ोन रैली निकाली गई। रैली में श्री पटेल के खिलाफ नारेबाजी की गई।

वही आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रहलाद पटेल मंत्री पद से

### कांग्रेस ने की माफी के साथ इस्तीफा देने की मांग

स्तीफा नही देते तो उन्हें मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिली'ारण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटैल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि मंत्री प्रहलाद पटेल ने सार्वजनिक रूप से आम आदमी को अपमानित किया है। उनके द्वारा लोगों को भिखारी कहना बेहद आपत्तिजनक है। प्रहलाद पटेल भूल जाते हैं कि जनता जनार्दन के वोट से ही वे नेता बने है और इसी इसी जनता जनार्दन का अपमान कर रहे हैं जबकि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि से मांग रखना लोगों का अधिकार है। वक्ताओं ने कहा कि सत्ता के मद में प्रहलाद पटेल भूल गए हैं कि इसी जनता से वोट की भीख मांगकर वे मंत्री बने। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले 20 साल में विकास नही किया गया।

जिले में अवैध कारोबार भाजपा नेताओं के संरक्षण में चल रहा है। नर्मदा नदी की द'ाा-दि'ाा अवैध उत्खनन कराकर विगाड़ दी और अब लोगों को अपमानित कर रहे है। इस दौरान कांग्रेस नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि प्रहलाद पटेल और उनके छोटे भाई जालम सिंह पटेल अवैध कारोबार को बढ़ावा देते हैं। लाखन सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि प्रहलाद पटेल ने अपने बयान से सभी के साथ लोधी समाज का वि'ोष रूप से अपमान किया है जिसे बर्दास्त नही किया जायेगा। उक्त मौके पर डॉ. राजेन्द्र किलेदार,डॉ. संजीव चांदोरकर, राजेन्द्र रघुवं'ाी, रूद्रे'ा तिवारी, कंछेदी पटेल, भूपेन्द्र शर्मा, अजय दुबे, रोहित पटेल, संजय राजपूत, देवेन्द्र शुक्ला, बुद्धीप्रका'ा वि'वकर्मा, नारायण महोबिया, ब्रजे'ा चैकसे, अमित राय गोलू, प्रताप पटेल, रामरतन पटेल, इ'ाान राय के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने धरना सभा को संबोधित किया और ज्ञापन देकर प्रहलाद पटेल के खिलाफ मंत्री पद से अलग करने की कार्यवाही की मांग की।

### पत्रकारवार्ता आयोजित

धरना सभा और प्रद'ोन के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिली'ारण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटैल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कहा कि प्रहलाद पटेल ने लोकतंत्र की सारी मार्यादाओं को तोड़कर आम जनता का घोर अपमान किया है। प्रहलाद पटेल का बयान यह द'ााता है कि भाजपा की विचारधारा आम आदमी को भिखारी ही समझती है। पत्रकारवार्ता ने कांग्रेस नेताओं ने श्री पटेल पर कई गंभीर आरोप लगाए और उनसे स्तीफा देने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि भाजपा संगठन और मुख्यमंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ कार्यवाही नही करते तो यह माना जायेगा प्रहलाद पटेल का जो बयान है उसको भाजपा और मुख्यमंत्री का संरक्षण है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ज्योति गायकवाड़ पिता श्री रमेश गायकवाड़ उम्र 36 वर्ष निवासी शास.अस्पताल गाडरवारा जिला नरसिंहपुर की निवासी हूँ मैंने वर्ष 2016 में फैयाजखान बल्द अहजाजखान से कोर्ट मैरिज की थी मुझ को 2018 में एक पुत्र हुआ था जिसका नाम हम लोगो ने तनुश उर्फ रिदानखान रखा था मेरे पति से वाद विवाद होने के कारण हम पति/पत्नी वर्ष 2020 से अलग अलग रह रहे थे इसी दौरान 26.12.2024 को मेरे पति फैयाजखान की मृत्यु हो चुकी है विवाह के बाद भी मैं हिन्दूधर्म को मानती रही हूँ और मेरा बेटा भी हिन्दू धर्म को मानता है और मैं हिंदू रीति रिवाज के अनुसार ही अपने पुत्र का पालन कर रही हूँ मेरे पति द्वारा अपने जीवन काल में मुझे बताये बिना दस्तावेजों एवं जन्म प्रमाण पत्र में रिदानखान लिखवा दिया था जबकि उसका असली नाम तनुश गायकवाड़ जिसकी उम्र 6 वर्ष है तथा मैं उसकी नैसर्गिक संरक्षक हूँ इसलिये उक्त उदघोषणा के माध्यम से मैं सूचित करती हूँ कि आज के बाद से मेरे पुत्र को तनुश गायकवाड़ के नाम से जाना जाये और उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों में भी तनुश गायकवाड़ लिखा एवं पढ़ा जावे।

ज्योति गायकवाड


## निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर अन्य व्यक्तियों के बैठक में शामिल होने पर कार्रवाई के निर्देश

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने त्रि-स्तरीय पंचायत अथवा इनकी स्थाई समितियों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि अथवा सदस्य के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के शामिल होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए